दिन– बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 14 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस मई को एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी रोहतास जिले के बिक्रमगंज से राष्ट्र को कई योजनाओं की देंगे सौगात।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफलता के लिए भारतीय सैन्य बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।

03. सीवान जिले के वसिलपुर निवासी बीएसएफ के शहीद जवान रामबाबू सिंह का अंतिम संस्कार आज पूरे पुलिस सम्मान के साथ किया गया।

04. ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आम लोगों को जानकारी देने के लिए भाजपा ने आज से राज्यव्यापी तिरंगा यात्रा की शुरूआत की।

05. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के लिए आज स्वर्णिम दिन। राज्य के खिलाड़ियों ने आज तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अब तक बिहार की झोली में आ चुके हैं सात स्वर्ण पदक।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस मई को एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी रोहतास जिले के बिक्रमगंज से राष्ट्र को कई योजनाओं की सौगात देंगे। साथ ही वे एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज सासाराम में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी।

———बाइट———

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफल कार्रवाई के लिए भारतीय सैन्य बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने आज राष्ट्रपति से मिलकर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में राष्ट्र के नाम संबोधन में आतंकवाद से निपटने का स्पष्ट और सुनिश्चित सिद्धांत रेखांकित किया है। ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने और राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ कोई समझौता न करने की केंद्र की

नीति का स्पष्ट प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि भारत के पास आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर खत्म करने की क्षमता है। श्री मोदी ने पंजाब के आदमपुर वायुसेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए कल यह बात कही।

———बाइट———

पाकिस्तान में ऐसा कोई ठिकाना नहीं है। जहां बैठकर आतंकवादी चौन की सांस ले सकें। हम घर में घुसकर मारेंगे और बचने का एक मौका तक नहीं देंगे और हमारे ड्रोन्स, हमारी मिसाइलें उनके बारे में तो सोच कर पाकिस्तान को कई दिन तक नींद नहीं आएगी।

———————————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर में स्वदेशी आकाशतीर वायु रक्षा प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आकाशतीर ने समयबद्ध योजना के अनुसार, लक्ष्यों को निशाना बनाया और ड्रोन युद्ध में पूरी तरह सफल रहा। एक रिपोर्ट———

———रिपोर्ट———

भारत ने पाकिस्तान के रणनीतिक आठ हवाई ठिकानों स्थानों सहित 13 लक्ष्यों को इतनी सटीकता के साथ कैसे नेस्त–ओ–नाबूद किया और इस्लामाबाद की रक्षा प्रणाली कैसे विफल रही? इन सवालों ने वैश्विक सैन्य विशेषज्ञों को हैरान कर दिया है। इसका जवाब है–आकाशतीर। देश की अगली पीढ़ी की वायु रक्षा प्रणाली। इस महीने की 9 और 10 तारीख की रात को, जब पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य और नागरिक ठिकानों पर अपना सबसे आक्रामक और घातक हमला किया, तो उसका सामना एक अभ्येदय ढाल–आकाशतीर से हुआ। इस अत्याधुनिक प्रणाली ने ड्रोन, मिसाइलों, माइक्रो यूएवी और लॉयटरिंग मुनिशन्स सहित आने वाले हवाई खतरों को सफलतापूर्वक बेअसर कर दिया और उन्हें भारतीय हवाई क्षेत्र का लांघन से रोक दिया। आकाशतीर भारत का पहला ऑपरेशनल, स्वदेशी रूप से निर्मित ।ए वॉर–क्लाउड है। ये वास्तविक समय में हवाई हमले की तस्वीरें उपलब्ध कराता है और दुश्मन के विमानों और ड्रोनों का पता लगाने के साथ–साथ उन्हें निष्फल भी करता है। आकाशतीर की तुलना में, भ्फ–9 और भ्फ–16 प्लेटफॉर्म पर आधारित पाकिस्तान की वायु रक्षा प्रणाली भारत के प्रोजेक्टाइल का पता लगाने और उसे रोकने में पूरी तरह विफल साबित हुई, जिसके कारण पाकिस्तान को भारी नुकसान पहुंचा। आकाशतीर ने देश की रणनीतिक क्षमताओं में एक नया अध्याय जोड़ा है, जहां आतंकी खतरों के खिलाफ रक्षात्मक रुख नहीं, बल्कि अक्रामक रवैया तैयार किया जा रहा है। दिवाकर, भूपेंद्र सिंह, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

———————————————————————————

सीवान जिले के वसिलपुर निवासी बीएसएफ जवान रामबाबू सिंह का आज अंतिम संस्कार पूरे पुलिस सम्मान के साथ किया गया। अंतिम संस्कार से पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए, जो भारत माता की जय और शहीद जवान अमर रहे के नारे लगा रहे थे। इससे पहले, पटना हवाई अड्डा पहुंचने पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव समेत जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की। इधर, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने आज सारण जिले के नारायणपुर गांव जाकर

बीएसएफ के शहीद एसआई मोहम्मद इम्तियाज को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना भी प्रदान की।

———————————————————————

सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार साव को पाकिस्तान ने रिहा कर दिया है। तेईस अप्रैल को पंजाब के फिरोजपुर सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने के बाद पूर्णम कुमार साव को पाकिस्तानी रेंजरों ने गिरफ्तार कर लिया था। गिरफ्तार किए जाने के दौरान वे सीमा बाड़ के निकट काम कर रहे किसानों की रक्षा करने वाली टीम का हिस्सा थे।

———————————————————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में लोगों को जानकारी देने के लिए भाजपा ने आज से प्रदेश में तिरंगा यात्रा की शुरूआत की। यात्रा के दौरान नरेन्द्र मोदी सरकार के दृढ़ नेतृत्व में सैन्य बलों के पराक्रम के बारे में लोगों को जानकारी दी जा रही है। राजधानी पटना में आज शाम यह यात्रा एस.पी. वर्मा रोड से शुरू होकर करगिल चौक पर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान पूरा वातावरण भारत माता की जय के नारे से गुंजायमान रहा।

———साउंड बाइट———

इस यात्रा में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल, पार्टी के वरिष्ठ नेता और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत हजारों की संख्या में पार्टी नेता और आम लोग शामिल हुए। पत्रकारों से बातचीत में उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि तिरंगा यात्रा आतंकवाद के खिलाफ देश की जीत का प्रतीक है।

———बाइट———

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि कल प्रमंडल मुख्यालयों और सोलह मई को सभी जिला मुख्यालयों में तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी। तेईस मई तक चलने वाली इस यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता, पूर्व सैनिक और सामाजिक संगठन शामिल हो रहे हैं।

———————————————————————

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के लिए आज स्वर्णिम दिन रहा। खिलाड़ियों ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक जीते। बिहार के खाते में अब तक छत्तीस पदक आ चुके हैं। इनमें सात स्वर्ण, ग्यारह रजत और अठारह कांस्य पदक हैं। बिहार पदक तालिका में चौदहवें स्थान पर पहुंच गया है। एक रिपोर्ट ——

———रिपोर्ट———

बिहार के खिलाड़ियों ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। मार्शल आर्ट की स्पर्धा थांग—ता में बिहार की प्रिया प्रेरणा ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं, इसी खेल की एक अन्य स्पर्धा में महिका कुमारी ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। थांग—ता की अलग—अलग स्पर्धाओं भूमिका राज और सुवाक्षी सरगम को बालिका वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ। थांग—ता के बालक वर्ग की एक स्पर्धा में लकी कुमार ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इधर, दो हजार मीटर स्टीपल चेज में ज्योति यादव ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से धर्मेन्द्र कुमार राय।

खेलो इंडिया यूथ गेम्स में महाराष्ट्र चौवन स्वर्ण समेत एक सौ इकतालीस पदकों के साथ पदक तालिका में पहले स्थान पर है। इन खेलों का समापन समारोह कल पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा।

————————————————————————————

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के बावनवें प्रधान न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई।

———बाइट———

मैं भूषण राम कृष्ण गवई, जो भारत के उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायमूर्ति नियुक्त हुआ है। सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञा करता हूं कि मैं विधि द्वारा सत्यापित भारत के संविधान के प्रति सच्ची श्रद्धा और निष्ठा रखूगां। मैं भारत की प्रभुता और अखंडता शून्य रखूगां।

————————————————————————————

पूरा प्रदेश भीषण गर्मी की चपेट में है। अधिकांश स्थानों का अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर चला गया है। मौसम विभाग के अनुसार आज पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, सीवान, सारण, गोपालगंज, पटना, नालंदा, शेखपुरा और अरवल समेत राज्य के उत्तर—पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में गर्म दिवस की स्थिति बनी रही। बयालीस डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, अररिया, पूर्णिया और सीतामढ़ी जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश की संभावना है।

———बाइट———

इधर, गर्मी को देखते हुए शेखपुरा और शिवहर जिले में सभी सरकारी और निजी विद्यालयों का संचालन पूर्वाह्न ग्यारह बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं, नवादा में

पूर्वाह्न ग्यारह बजकर तीस मिनट तक विद्यालय संचालित होंगे। यह आदेश प्री–स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी लागू होगा।

———————————————————————————

नवादा जिले के रूपो थाना क्षेत्र के पांडेय गंगौट गांव निवासी भारतीय सेना के जवान मनीष कुमार की ड्यूटी के दौरान मौत हो गई। उनकी पोस्टिंग करगिल में थी। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र से पुलिस और एसटीएफ की टीम ने कुख्यात नक्सली जगलाल सिंह भोक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। उस पर मदनपुर थाने में कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

मुंगेर की एक अदालत ने दहेज हत्या के एक मामले में दोषी पति रौशन कुमार को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीस मई को एक दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी रोहतास जिले के बिक्रमगंज से राष्ट्र को कई योजनाओं की देंगे सौगात।

02. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आतंकवाद के विरुद्ध भारत की उल्लेखनीय सफलता के लिए भारतीय सैन्य बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की।

03. सीवान जिले के वसिलपुर निवासी बीएसएफ के शहीद जवान रामबाबू सिंह का अंतिम संस्कार आज पूरे पुलिस सम्मान के साथ किया गया।

04. ऑपरेशन सिंदूर के बारे में आम लोगों को जानकारी देने के लिए भाजपा ने आज से राज्यव्यापी तिरंगा यात्रा की शुरूआत की।

05. और, खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बिहार के लिए आज स्वर्णिम दिन। राज्य के खिलाड़ियों ने आज तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। अब तक बिहार की झोली में आ चुके हैं सात स्वर्ण पदक।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।